तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025

10 सशिमं में हुआ आचार्य व्यक्तित्व विकास ...

11 वर्ल्ड स्कूल में हुआ यम्मी वंडर फूड फेस्टिवल




# सीताराम विवाह में श्रद्धालु बने बाराती, हुई पुष्पवर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

■ शिवरीनारायण मठ मंदिर में भागवत कथा का समापन

धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी शिवरीनारायण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस दिव्य आयोजन में अयोध्या धाम के कथा व्यास आचार्य मधुसूदन आचार्य, शिवरीनारायण मठ के मठाधीश राजेश्री महंत महाराज,




पुजारी त्यागी महराज, मुख्तियार सुखराम दास तथा हजारों श्रद्धालु बाराती बनकर सम्मिलित हुए। कथा व्यास मधुसूदन आचार्य ने कहा कि शिवरीनारायण पवित्र धाम है जहां भगवान जगन्नाथ शबरी नारायण साक्षात विराजमान हैं। जिनकी छत्रछाया में यह नगर बसा है, मिथिला की सीता मैया व छत्तीसगढ़ के राम का यह अलौकिक विवाह उत्सव भक्तों के लिए दुर्लभ संयोग है। सभी श्रद्धालु भक्त अत्यंत सौभाग्यशाली है। नगरवासियों ने ▶▶ शेष पेज 10 पर

## जीवन को सार्थक बनाती है भागवत कथा



**खरोरा।** ग्राम अड़सेना में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन सरपंच तेजराम पाल द्वारा 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक कराया जा रहा है। यह सात दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान उनके पितरों की पुण्य स्मृति में आयोजित है।इस ज्ञान यज्ञ में मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक बाल योगी विष्णु अरोड़ा हैं। प्रथम दिवस ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने एकरूपता के साथ पीली साड़ी पहनकर गांव का भ्रमण किया। ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय वातावरण ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। प्रथम दिवस की कथा में महाराज विष्णु अरोड़ा ने गोकर्ण कथा में जीवन को सार्थक बनाने वाले महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। कथा श्रवण के लिए न केवल ग्रामवासी बल्कि आस-पास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। ग्राम अड़सेना में चल रहा यह दिव्य ज्ञान यज्ञ क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण का संचार कर रहा है। यह कथा का आयोजन डॉ. तेज रामपाल द्वारा किया जा रहा है जिसमें वेदवती पाल, सविता, ओम प्रकाश पाल, मंजू, गुमेश्वरी पाल समस्त आयोजित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### श्यामा पटेल भाटापारा की नई एसडीएम

**भाटापारा।** श्यामा पटेल भाटापारा की नई एसडीएम पदस्थ की गई है, उनकी पदस्थापना का आदेश जिला मुख्यालय से जारी किया गया है। एसडीएम श्यामा पटेल 27 नवंबर गुरूवार को पदभार ग्रहण करेंगी। वे बलौदाबाजार जिला मुख्यालय से यहां आ रही हैं।

### एसआईआर का निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर कावरे



**सिमगा।** रायपुर कमिश्नर महादेव कावरे ने मंगलवार की शाम सिमगा में एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिमगा में एसआईआर अंतर्गत बनाए गए डाटा प्रविष्टि सेंटर में गणना पत्रक डिजिटाईजेशन एवं अपलोडिंग कार्य का अवलोकन किया। साथ ही बीएलओ को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। कमिश्नर कावरे ने ऑपरेटर द्वारा गणना पत्रक डिजिटाइजेशन कार्य का रियल टाइम आंकलन के लिये टाइमर के साथ ऑपरेटर से अपने समक्ष गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन करया। उन्होंने बीएलओ और ऑपरेटर को निर्देश दिये कि गणना पत्रक में सही और पूर्ण जानकारी दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटाइजेशन के साथ-साथ गणना पत्रकों का संकलन कार्य भी करें, ताकि समय सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। इस दौरान एसडीएम अतुल शेट्टे सहित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिंधनखोल में शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बिंधनखोल का निवास नंद अपने घर के आंगन में लोगों को शराब पीने-पिलाने का साधन उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त व्यक्ति से पूछताछ की जिस पर उसने अपना नाम पता निवास नंद पिता बाबूलाल नंद (27 साल) निवासी ग्राम बिंधनखोल होना बताया। आरोपी के विरूद्ध धारा 36सी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा 29 नवंबर को

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी प्रथम सेमेस्टर नियमित, प्राइवेट, बैकलॉग/एटीकेटी छात्र-छात्राओं का डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स (डीएससी), जेनेरिक इलेक्टिव (जीई) एलिमेंट्री बॉटनी वनस्पति शास्त्र विषय की प्रायोगिक परीक्षा 29 नवंबर को प्रातः 9 बजे से आयोजित है। समस्त छात्र-छात्राओं को आवश्यक प्रयोग फाइल एवं डिसेक्शन बॉक्स के साथ आधे घंटे पूर्व उपस्थित होने कहा गया है।

### राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन भी हुए शामिल

# विवाह पंचमी पर श्रीराम-लक्ष्मण की झांकीमय भव्य बारात निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी पर मंगलवार को नगर के गांधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में विवाह पंचमी महोत्सव मनाया गया। सनातन धर्म में इस पावन तिथि का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। श्रीराम कथा के अनुसार इसी दिन अयोध्या से प्रभु श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न की दिव्य बारात जनकपुरी के लिए प्रस्थान हुई थी। इसी स्मृति में नगर के मानस संघ द्वारा यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष श्रीराम की पारंपरिक बारात का 25 वां वर्ष था।



शाम 7 बजे मानस मंदिर प्रांगण से प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। खुले सजे धजे वाहन पर विराजमान श्री राम माता सीता की झांकी फूल मालाओं, छत्र, रंगीन लाइटों और आकर्षक साज-सज्जा से विशेष रूप से अलंकृत थी।

ढोल-नगाड़ों, बाजे-गाजे और आतिशबाजी के बीच रवाना हुई यह बारात बजरंग चौक, सदर रोड, नेहरू चौक होते हुए गांधी चौक पहुंची और रात्रि 10 बजे पुनः श्रीराम जानकी मंदिर में लौटकर सम्पन्न हुई।

शोभायात्रा के दौरान रास्तेभर उत्साह देखने को मिला। नगरवासी श्रीराम के भजनों की धुन पर झूमते नजर आए। भगवान श्रीराम और माता जानकी के स्वरूप में सजे बच्चों का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भक्ति संगीत, जयकारों और धार्मिक उल्लास से पूरा शहर दिव्य और सांस्कृतिक वातावरण में डूबा रहा।इस श्रीराम बारात में सबसे खास बात यह रही की देर रात राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंकराम वर्मा भी शामिल हुए और उन्होंने शानदार भजन सुना कर नगर वासियों का मन मोह लिया। मंत्री टंकराम वर्मा ने भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे श्री राम आएंगे भजनों को सुनकर श्रद्धालु झूमने लगे।

बारात के वापस मंदिर पहुंचने के बाद मानस मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, योगेश अग्रवाल एवं नपा उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले, छाया सोनी, मीनाक्षी सोनी, साधना पवार, सुमन सोनी, प्रीति शुक्ला, शोभा सोनी, किरण, आस्था, प्रतिमा एवं मानस मंदिर परिवार की अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और देर रात तक भक्तिमय माहौल बना रहा।

# गुरु तेग बहादुर ने धर्म मानवता और अस्मिता की रक्षा के लिए बलिदान दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ नगर में 350वां शहीदी पर्व गुरुद्वारा नानक दरबार में श्रद्धा एवं भक्ति से मना

सिखों के नवम गुरु धन धन श्री गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी पर्व गुरुद्वारा नानक दरबार में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। शाम के दीवान की शुरुआत रहिरास साहिब एवं आरती के पाठ से हुई, जिसके उपरांत स्त्री सत्संग की संगत ने भावपूर्ण कीर्तन गायन और गुरु इतिहास पर आधारित कथा-विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में स्त्री सत्संग की सदस्य रीत कौर ने गुरु-विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवता और अस्मिता की रक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया, वह केवल सिख पंथ का गर्व नहीं बल्कि पूरी मानव जाति के लिए प्रेरणा है। वे केवल हिंद की चादर' नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि की चादर थे। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली के चांदनी चौक में जब अत्याचार के आगे झुकने की बजाय गुरु महाराज ने शहादत स्वीकार ▶▶ शेष पेज 10 पर

### श्लोक महला 9 वें का पाठ कर गुरु तेग बहादुर जी को नमन

रीत कौर ने 'श्लोक महला 9' का महत्व बताते हुए कहा कि इसमें जीवन की नश्वरता, वैराग्य, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा है। उन्होंने कहा कि संगत द्वारा इन श्लोकों का पाठ करना गुरु महाराज को सच्ची श्रद्धांजलि है। अंत में पूरी संगत ने एक स्वर में श्लोक महला 9 वें का पाठ कर गुरु तेग बहादुर जी को नमन किया। अरदास के उपरांत गुरु का लंगर वरताया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और आध्यात्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।

# दो कारोबारियों से 164 कट्टा धान जब्त

**बलौदाबाजार/भाटापारा।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार संयुक्त जांच दल के माध्यम से धान खरीदी केंद्रों में अवैध धान खपाने की मंशा रखने वाले कारोबारियों पर मंडी अधिनियम 1972 के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को लगभग 164 कट्टा धान जब्त किया गया।



जानकारी के अनुसार बुधवार को संयुक्त जांच दल द्वारा केशरवानी अनाज भंडार पटपर भाटापारा 28.8 क्विंटल एवं अमितेश शर्मा बोडतरा से 36.8 क्विंटल कुल 65.6 क्विंटल (164 कट्टा) अवैध धान जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई राजस्व, खाद्य विभाग एवं मंडी समिति के संयुक्त जांच दल द्वारा की गई।

# 22 किलो का गांजा पेड़ जब्त, आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार। साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली की संयुक्त टीम ने अवैध मादक पदार्थ गांजा पेड़ जब्त कर 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्राम लटुवा में आरोपी ने अपने घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा का पेड़ लगाया था, जहां गांजा का पेड़ 4.75 मीटर लंबा और 22.560 किलो वजन पाया गया, जिसकी कीमत 15 हजार आंकी गई। आरोपी विदेश राम साहू 45 वर्ष निवासी ग्राम डमरू थाना सिटी कोतवाली के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



# 100 बिस्तर वाले अस्पताल का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में बलौदाबाजार भाटापारा जिले के सिमगा समीपस्थ ग्राम रिंगनी में स्थापित एपीएल अपोलो स्टील पाइप संयंत्र के प्रबंधकों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन की उपस्थिति में 1200 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन को प्रस्तुत किया है। साथ ही ग्रामीण अंचल में सर्व सुविधायुक्त स्पेशलिटी हॉस्पिटल 100 बिस्तर वाले के निर्माण की भी बात कही गई है। एपीएल अपोलो स्टील एंड पाइप्स संयंत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष राय ने बताया कि दिल्ली में आयोजित



■ एपीएल अपोलो ने सरकार को दिया 1200 करोड़ निवेश का प्रस्ताव

इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में कंपनी के प्रमुख लोगों के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में संयंत्र के चेयरमैन संजय गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन क्षमता बढ़ाने एवं नए संयंत्र की स्थापना पर गंभीरता से काम करते हुए निवेश प्रस्ताव राज्य को दिया गया। नई औद्योगिक नीति और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक बुनीयादे ढांचे को देखते हुए शासन को प्रस्तुत किया है बैठक में ▶▶ शेष पेज 10 पर

### जीवन दीप समिति की बैठक में चिकित्सा सुविधा बढ़ाने पर निर्णय

# नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी : विधायक ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधायक इन्द्र साव की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक हुई। बैठक में विशेषज्ञ डॉक्टर के ना होने पर मरीजों को मिलने वाली सुविधा ना मिलने पर विधायक ने चिंता जाहिर करते हुए इस विषय पर मांग पत्र भेजने निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मिलने की बात कहते हुए अस्पताल परिसर में आवश्यक सुधार का निर्देश दिए। बैठक में सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि यह अस्पताल भाटापारा शहर का ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का बड़ा अस्पताल है। यहां पर आने वाले



मरीज बड़े विश्वास के साथ यहां आते है कि यहां की चिकित्सा सुविधा अच्छी मिले, हमें प्रयास करना होगा कि यहां आने वाले मरीजों को प्रारंभिक चिकित्सा अच्छी मिले। वहीं इस अस्पताल में आपातकालीन चिकित्सा के लिए अस्पताल स्टाफ सदैव सजग रहे। अस्पताल में विभिन्न विभागों के प्रमुख डॉक्टरों की कमी पर उपस्थित सदस्यों ने चिंता जाहिर की। वहीं महत्वपूर्ण विषय पर मांग पर शासन स्तर पर भेजने का निर्णय लिया। श्री साव ने इस विषय को लेकर और अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की पदस्थापना को लेकर प्रदेश के स्वास्थ मंत्री से मिलने की बात कही। बैठक में विभिन्न एजेंडे अस्पताल में उचित साफ-सफाई के लिए आया रखने, मेन गेंट में वाचमैन एवं पुलिस व्यवस्था, पार्किंग की असुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल परिसर में बने नलघर (वाटर एटीएम) को डिसमेंटल करने, लेबर वार्ड, आई ओटी जनरल वार्ड, में वायरिंग व दिवाल पेंट-पुट्टी व एसी लगाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक उपरांत विधायक साव ने अस्पताल का निरीक्षण किया और उपस्थित बीएमओ डा.राजेन्द्र माहेश्वरी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए ओपीडी में आने वाले मरीजों को भारत सरकार ▶▶ शेष पेज 10 पर

# भाटापारा में जिले का दूसरा नशा मुक्ति केन्द्र खुला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ जिला प्रशासन की पहल से नशा मुक्ति के साथ पुनर्वास की नि :शुल्क सुविधा

जिले का दूसरा नशा मुक्ति केन्द्र का उद्घाटन बुधवार को भाटापारा के महारानी चौक में कलेक्टर दीपक सोनी एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने किया। इस अवसर जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, नगर पालिका के सभापति कुंज राम कोसले, एसडीएम श्यामा पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं उपस्थित थे।अतिथियों ने केन्द्र का अवलोकन करते हुए संचालक ममता शर्मा से केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं क्षमता के बारे में जानकारी ली। केन्द्र में भर्ती युवाओं से पूछताछ कर नशा से दूर ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### संविधान दिवस को राष्ट्रीय पर्व घोषित हो

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सर्व अनुसूचित जाति जिला इकाई की ओर से रेखराज बघेल जिलाध्यक्ष एवं भारतीय बौद्ध महासभा महासमुंद के पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति में 26 नवंबर भारतीय संविधान दिवस पर नगर के हृदय स्थल में स्थित अंबेडकर चौक में संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वचन किया गया। तत्पश्चात रेखराज बघेल जिलाध्यक्ष, हीरा बंजारे, तुलेंद्र सागर, विजय बंजारे, दिनेश बंजारे, खोशील जेंड्रे ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए संविधान को अंगीकार कर संवैधानिक नियमों का पालन कर संरक्षित करने अपनी वचन बद्धता दोहराया। साथ ही सामूहिक रूप से 26 नवंबर को भी राष्ट्रीय पर्व के रूप घोषित करने शासन प्रशासन से मांग किए जाने का प्रस्ताव भी रखें। अंत में भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से बीपी मेश्राम ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि संविधान को अक्षुण बनाए रखने, उसे संरक्षित करने में हम सभी की अहम भूमिका होनी चाहिए। अंत में 26 नवंबर को मुंबई में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों की शहादत को नमन करते हुए मौन श्रद्धांजलि देते हुए सभा का समापन किया गया। संचालन राजेश रात्रे ने किया। इस अवसर पर सर्व अजा समाज के संरक्षक तुलेंद्र सागर, विजय बंजारे, सलाहकार दिनेश बंजारे, बीपी मेश्राम, विधि सलाहकार नंदकुमार जोगी, जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल, हीरा बंजारे, खोशिल गेंड्रे, राजेश रात्रे आदि मौजूद रहे।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन में जारी किया गया आदेश

# शिक्षकों पर आवारा कुत्तों की निगरानी पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र ने दी सफाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

स्कूल परिसरों में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या और हाल ही में बलौदाबाजार जिले के ग्राम लक्ष्मणपुर में हुई गंभीर घटना के बाद जारी आदेश पर उठे विवाद के बीच छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने मीडिया से चर्चा में विस्तृत रूप से अपनी बात रखी। मंत्री ने कहा कि यह आदेश शिक्षकों पर कार्यभार बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के पालन के तहत जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि बलौदा बाजार जिले के ग्राम लक्षनपुर में 84 बच्चों को कुत्ते का जूठा खाना खिलाए जाने का मामला इतना गंभीर था कि वह हाई कोर्ट तक पहुंच गया। अदालत में सुनवाई के बाद राज्य शासन को 22 लाख का मुआवजा देना पड़ा। मंत्री यादव ने कहा कि इस घटना ने राज्य सरकार को यह सोचने पर विवश किया कि स्कूल परिसरों को सुरक्षित बनाने के लिए सख्त और स्पष्ट दिशा-निर्देशों की आवश्यकता है, ताकि फिर ऐसी घटनाएं न हों।




**आदेश का उद्देश्य : सुरक्षा न की बोझ**

शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि आदेश शिक्षकों को आवारा कुत्तों को पकड़ने, भगाने या उनसे सीधे निपटने के लिए नहीं कहता। आदेश का सार केवल इतना है कि शिक्षक स्कूल परिसर में आवारा कुत्तों की निगरानी रखें, स्थिति दिखने पर ग्राम पंचायत, नगर निगम के नोडल अधिकारी को सूचना दें।

**बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें:** उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार बच्चों को किसी भी प्रकार की दुर्घटना, खासकर कुत्तों के हमले या भोजन के दूषित होने जैसी घटनाओं से बचाना आवश्यक है।

इस आदेश का कुछ शिक्षक संगठनों और विपक्षी दलों ने विरोध करते हुए कहा कि इससे शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा और उनके सम्मान को ठेस पहुंचेगी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री यादव ने कहा शिक्षक भ्रमित न हों। यह आदेश किसी भी तरह से उनके सम्मान के विरुद्ध नहीं है। स्कूल परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी पहले से ही शिक्षकों और स्कूल स्टाफ की होती है। हमने सिर्फ सुरक्षा को व्यवस्थित और उत्तरदायी बनाने की दिशा में कदम उठाया है।



## सशिमं में हुआ आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग कार्यक्रम

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग कार्यक्रम रखा गया। वर्ग का आयोजन वर्ग प्रमुख सीमा पंसारी, सहायिका कुमारी डिंपल मानिकपुरी एवं वर्ग सहायक यशवनी निषाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पहले कालांश में कंचन वर्मा एवं सीमा पंसारी द्वारा प्रार्थना एवं वंदना का अभ्यास कराया गया। वर्ग के दूसरे कालांश में प्राचार्य अश्विनी पाटकर एवं प्रधानाचार्य संजय वर्मा द्वारा शिक्षण संबंधी बातों पर चर्चा की गई। प्राचार्य के द्वारा नवाचार पर प्रयोग करना, कक्षा को व्यवस्थित करना एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए अध्यापन स्तर को कैसे सुधारे आदि बताया गया। वर्ग के तीसरे कालखंड शारीरिक अभ्यास में आरंभ, दक्ष की स्थिति, प्रति सर पूराकर, वामसर, दक्षिणासर, वामावृत्त दक्षिणावृत्त, अर्द्धवृत्त एवं व्यायाम योग का अभ्यास प्राचार्य अश्विनी पाटकर एवं यशवनी निषाद द्वारा कराया गया। आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग आचार्यों के व्यक्तित्व के विकास के लिए रखा जाता है।

## पिथौरा से रामलला दर्शन के लिए तीर्थ यात्री रवाना

**पिथौरा।** रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रियों के दल को पिथौरा जनपद पंचायत परिसर से हरी झंडी दिखाकर भव्य रूप से रवाना किया गया। परिसर में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा घृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिंह छाबड़ा, सरपंच संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा सहित पंचायत प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष ऊषा घृतलहरे ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित यह योजना आमजन को धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। सरकार द्वारा निःशुल्क सुविधाओं, सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था और तीर्थस्थलों पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाने से समाज के उन वर्गों को भी दर्शन-पूजन का अवसर मिल रहा है, जिनके लिए ऐसी दूरस्थ यात्राएं पहले कठिन थीं। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही यह पहल आस्था, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक एकता को और मजबूत करती है। तीर्थयात्रियों ने भी प्रस्थान से पूर्व योजना के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राटापाली में मितानिनों का किया गया सम्मान



**नर्रा।** ग्राम पंचायत राटापाली में मितानिन दिवस पर मितानिनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच पूर्णिमा सोनवानी ने मितानिनों का सम्मान शाल व श्रीफल देकर किया गया। इस दौरान उपसरपंच एकता पटेल, डॉ डिगेंद्र परमार समेत अनेक मितानिन उपस्थित रहे।

# विधायक ने आगे बढ़ने के लिए शिक्षा पर दिया जोर

### गड़बेडा में चक्र पूजा में शामिल हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा**

ग्राम गड़बेड़ा में कुंभकार समाज द्वारा आयोजित चक्र पूजा कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान विधायक यादव ने समाज में शिक्षा पर जोर दिया।

ग्राम गड़बेड़ा में कुंभकार समाज द्वारा चक्र पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश थे। पूजा अर्चना पश्चात विधायक यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा वह आधार है, जिस पर एक मजबूत, संवेदी और सुदृढ़ समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि सही दिशा, सही सोच और सकारात्मक समाज का आधार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विद्यार्थियों को केवल पुस्तक आधारित ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जीवन मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुखराम प्रजापति, पदुम प्रजापति, दाउलाल राणा, रामनाथ चक्रधारी, थानसिंह चक्रधारी, परशु प्रजापति, नीरज राणा, परमेश्वर चक्रधारी, रामनारायण चक्रधारी, सनथ राणा, महेत्तर प्रजापति, उद्धवलाल प्रजापति, दामोदर चक्रधारी, ईश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# मितानिनें गांव में स्वास्थ्य सुरक्षा की असली पहरेदार

### जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा ने ग्राम अंकोरी में मितानिन दिवस पर 12 गाँवों की मितानिनों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना**

जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत कार्यालय अंकोरी में मितानिन दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में 5 पंचायतों के 12 गांवों की मितानिन बहनों को साल एवं फल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश सिन्हा सभापति एवं जनपद सदस्य, अंकोरी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत बसना के सीईओ पीयूष ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंकोरी के सरपंच मिश्रा दीप, देवरी सरपंच सुरेश कोसरिया, चिमरकेल सरपंच प्रसन्न कुमार डड़सेना, पलसापाली (अ) की सरपंच हेमकुमारी, ठाकुरपाली की सरपंच संगीता बरिहा, करारोपण अधिकारी रूपसिंह सिदार सीएचओ पुष्पलता बिसरा, आरके दास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। अंकोरी सरपंच मिश्रा द्वीप ने सभी अतिथियों का स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता हीरालाल साव ने किया। मुख्य



अतिथि प्रकाश सिन्हा ने कहा कि मितानिन ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि प्रसूति सेवाओं से लेकर टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन से लेकर प्राथमिक उपचार तक हर चुनौती में मितानिन सदैव तत्पर रहती हैं। उन्होंने मितानिनों के समर्पण को जनसेवा का सर्वोच्च उदाहरण बताते हुए विश्वास दिलाया कि उनके हितों के लिए वह निरंतर कार्य करते रहेंगे। सीईओ पीयूष ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सफलता का सबसे मजबूत आधार मितानिनें हैं। इनके परिश्रम से ही सरकारी योजनाएं गांव-गांव तक प्रभावी रूप से पहुंचती हैं। उन्होंने विभागीय स्तर पर मितानिनों को हर संभव सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंचों व अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी मितानिनों के कार्यों की सराहना की और उन्हें ग्राम समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। अंकोरी पंचायत अंतर्गत विमला बंजारा, जसोवंती, पद्मिनी दीप (मितानिन प्रशिक्षिका), प्रेम कुमारी बारीक, रजनी सेठ, रानू साव, रश्मि दीप, देवमोती डड़सेना, निरुपमा दीप, विनोद पांडे, पलसापाली पंचायत से बिलासानी भोई, जज्ञासिनी चौहान, पुष्पलता साहू, ठाकुरपाली पंचायत से सौभागिनी प्रधान, रीना, सेतकुमारी, चिमरकेल पंचायत से पद्मिनी डड़सेना, भूमिका डड़सेना, गणेशी सिदार देवरी पंचायत से तपस्या डड़सेना, चंपाबाई, गीता सिदार समेत पंचायत सचिव अंबिका साव का भी साल व श्रीफल से आत्मीय रूप से सम्मान किया गया।

### बाल मेला का आयोजन, बच्चों ने लगाए स्टाल



**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक शाला खट्टी में संयुक्त रुप से शाला परिवार के बच्चों द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में बाल मेला का आयोजन किया गया। शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला को चार समूहों में बांटा गया। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई समूह, रानी दुर्गावती समूह, शहीद रुक्मणि बाई समूह तथा दयावती दीवान समूह कार्यरत हैं। बाल मेला सामग्री आपूर्ति का दायित्व वरिष्ठ शिक्षक सिराज बक्स को सौंपा गया।

## कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस संविधान के प्रस्तावना का किया पाठ



**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन पर राजनीति विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई सहित महाविद्यालय परिवार ने 26 नवंबर को भारतीय संविधान निर्माण के 76वीं वर्षगांठ संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय संविधान के निर्माता और देश के पहले क़ानून मंत्री भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा संविधान के प्रस्तावना का पठन किया किया गया। ग़ौरतलब है कि भारत वर्ष में प्रत्येक साल 26 नवंबर का दिन संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 1949 ई. में आज ही के दिन संविधान को अपनाया गया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को भारत में लागू किया गया। संविधान को अंगीकृत किए जाने की याद में प्रत्येक वर्ष देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। भारत का संविधान वह गंगोत्री है जिससे निकलने वाले विभिन्न धाराएं, अनुच्छेद, अनुसूची, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्त्तव्य प्रत्येक भारतीयों के आत्मा को छूती है। भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है। पिछले 76 वर्षों में, इसने राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का पथप्रदर्शन किया है। न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व, एकता और अखंडता को सुनिश्चित किया है, जो भारत के शासन के मूल हैं। इन मूल्यों को हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मालती तिवारी, विज्ञान संकाय प्रमुख व विभागाध्यक्ष बॉटनी डॉ. ईपी चेलक, वाणिज्य संकाय प्रमुख अजय कुमार राजा, डॉ. दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, केशर चंद्र बनपाल सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, दिलीप बढ़ाई विभागाध्यक्ष भूगोल, डॉ जीवन चंद्राकर, डॉ जागृति चंद्राकर, विजय कुमार मिर्चे सहित महाविद्यालय परिवार के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता परिषद ने मनाया संविधान दिवस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने की 76वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की महासमुंद जिला इकाई द्वारा जिला सत्र न्यायालय सभागार में महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का केंद्रीय विषय मौलिक कर्तव्यः विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला था। इस आयोजन ने न्यायिक और कानूनी समुदाय को राष्ट्रीय संवैधानिक चेतना के उत्थान के लिए एक मंच प्रदान किया। यह उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता परिषद द्वारा पिछले 15 से अधिक वर्षों से निरंतर श्रद्धा, अनुशासन और संवैधानिक मूल्यों को स्थापित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाता रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत अत्यंत गरिमापूर्ण तरीके से की गई। भारतीय संविधान और संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर और पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें वंदन किया गया। तत्पश्चात, राष्ट्र प्रेम की भावना को समर्पित वंदे मातरम गीत का सामूहिक वंदन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीता डहरिया ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा मौजूद रहे। अन्य सम्मानित अतिथियों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र राठौड़ तथा अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी शामिल रहे। राठौड़ ने कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में संविधान की जानकारी को अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि नागरिक अपने मौलिक अधिकार और कर्तव्यों के बीच के संतुलन को समझें और दोनों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें। उन्होंने संवैधानिक ज्ञान को राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अपरिहार्य बताया।




अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीता डहरिया ने मौलिक कर्तव्यों के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने विशेष रूप से तीन बिंदुओं पर प्रकाश डाला। संविधान का निष्ठापूर्वक पालन, राष्ट्र की सरकारी संपत्ति की रक्षा और देश के नागरिकों का कर्तव्य कि वे एक ज़िम्मेदार समाज का निर्माण करें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिवक्ताओं और नागरिकों से अपील की कि वे संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता लाएं और उन्हें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं, क्योंकि कर्तव्य-परायण नागरिक ही एक सभ्य और मजबूत न्याय व्यवस्था को संभव बनाते हैं। मुख्य अतिथि अनिल शर्मा ने स्पष्ट किया कि केवल मौलिक अधिकारों की मांग करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मौलिक कर्तव्यों का निर्वहन करना भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त सभी लाभ और सुरक्षा तभी सार्थक होते हैं, जब नागरिक राष्ट्र निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें।

अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी ने अपने विचार रखते हुए इस बात पर जोर दिया कि मौलिक कर्तव्य और मौलिक अधिकार वास्तव में एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने आह्वान किया कि देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का पालन दृढ़ संकल्प के साथ करना चाहिए। क्योंकि, यह केवल कानूनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति नैतिक दायित्व भी है। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सरदार सुमित सिंह ढिल्लो एवं आभार प्रदर्शन अधिवक्ता शशांक तिवारी ने किया।

इस अवसर पर महासमुंद क्षेत्र के कई महत्त्वपूर्ण न्यायिक अधिकारी शामिल हुए, जिनमें न्यायाधीशगण संघ पुष्पा भतप्रहरी, आनंद बोरकर, मोनिका जायसवाल, सीजीएम ठाकुर और अधिवक्तागण भरत कसार, प्रलय थिटे, संजय गिरी, ओम शुक्ला, खगेश्वर पटेल, सुरेश चंद्राकर, वैशाली देवांगन, राजू पटेल, धर्मेंद्र डड़सेना, नूतन साहू, तेजेंद्र चंद्राकर, ऋषि शर्मा, कुंजलाल सिन्हा, अरुण पटेल, संजीव पंडा, सुरेंद्र चावला, प्रवीण झा, विनोद शर्मा, सलीम कुरैशी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### सीताराम विवाह में...

भगवान श्री सीताराम की भव्य बारात का आत्मीय स्वागत किया, जगह–जगह आरती, पुष्पवर्षा, आतिशबाजी, जलपान एवं मिष्ठान की व्यवस्था स्थानीय नागरिक, व्यापारियों द्वारा किया गया संध्या बेला में अयोध्या के संगीतकारों द्वारा प्रस्तुत वैवाहिक गीत संगीत पारंपरिक गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। सभी श्रद्धालु नाचते गाते झूमते रहे नगर सीताराम जय-जय राम के उद्घोष से गूंज उठा। उक्त आयोजन में मठ मंदिर के न्यासी गण, साधु संत, साध्वी, श्रद्धालु आसपास के क्षेत्रवासी बढ़ चढ़ के सम्मिलित हुए और अपनी जीवन को कृतार्थ किए।

### नगर के सामुदायिक ...

द्वारा लॉन्च किए गए आभा एप्प रजिस्टर्ड करके अस्पताल में लगे क्यू आर कोड को स्कैन कर तुरंत पर्ची प्राप्त करने की प्रक्रिया को शालीनता से समझाने और वही किसी मददगार रखने को कहा। बैठक में विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाटापारा में जिले ...

रहने और बेहतर जीवन परिवार के साथ व्यतीत करने की सलाह दी। केन्द्र में योगाभ्यास शुरू करने तथा युवाओं के पुनर्वास हेतु प्रशिक्षण के साथ रोजगार उपलब्ध कराने के भी सुझाव दिये गए। बताया गया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संगी मितान सेवा संस्थान के माध्यम से इस नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन किया जाएगा। इस केन्द्र में 15 लोगों के रहने व उपचार की निःशुल्क व्यवस्था है। केन्द्र में भर्ती होने वालों का नियमित उपचार एवं काउंसीलिंग की जाएगी। वर्तमान में 10 युवक भर्ती है। केंद्र में एक मेंडिटेशन हाल, डायनिंग हाल, लाइब्रेरी, 4 शयन क्रक्ष, शौचालय आदि की व्यवस्था है।

### गुरु तेग बहादुर...

की तब दुनिया ने पहली बार देखा कि सत्य और धर्म की रक्षा के लिए मनुष्य अपना सिर तक समर्पित कर सकता है। उन्होंने किसी शक्ति प्रदर्शन या चमत्कार का सहारा नहीं लिया बल्कि साहस, धैर्य और सत्य को ही अपना हथियार बनाया। उनकी शहादत हर युग के लिए संदेश है कि अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होना ही सच्चा धर्म है।

### 100 बिस्तर वाले ....

महत्वपूर्ण सामाजिक पहल की भी घोषणा की गई। एपीएल अपोलो ग्रुप छत्तीसगढ़ में 100 बिस्तर वाला आधुनिक चैरिटी अस्पताल की भी स्थापना का प्रस्ताव दिया गया है, जिससे जनता को किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उत्पन्न हो सकेगी।

मंगलवार को दिल्ली में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सीएसआईडीसीई के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल मुख्यमंत्री के सचिव सुबोध सिंह इन्वेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु जैन तथा इंडस्ट्रीज सचिव रजत कुमार के साथ संयंत्र एपीएल अपोलो के अध्यक्ष संजय गुप्ता डायरेक्टर अशोक गुप्ता डायरेक्टर एवं ग्रुप सीएफओ दीपक गोयल तथा सीएफओ चेतन खंडेलवाल के साथ ही जीएम कॉर्पोरेट आफ अफोर्स संतोष राय चेयरमैन सीएसआईडीसी राजीव अग्रवाल मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### संविधान दिवस पर छात्रों ने ली शपथ

**अर्जुनी।** पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी में संविधान दिवस मनाया गया। उक्त अवसर पर भारत के संविधान के संबंध में विस्तार से बताया गया एवं बच्चों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। संविधान दिवस पर गणित के शिक्षक जयप्रकाश यदु ने बताया कि आज ही के दिन हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हुआ था। उसे बनाने में 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन का समय लगा था। इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था इस संविधान में यह निश्चित हुआ कि भारत में कोई राजा नहीं होगा बल्कि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि शासन का कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रधानपाठक वंदना साव, अनुराधा वैष्णव एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### रामलला दर्शन के लिए 29 लोगों का दल रवाना



**सिमगा।** राज्य सरकार की महती योजना अयोध्या धाम में श्री रामलला के दर्शन योजना अंतर्गत सिमगा ब्लॉक अंतर्गत 29 लोगों को भगवान श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस दौरान दर्शनार्थी भक्तों में भारी खुशी व्याप्त थी। वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सभी को बधाई देते हुए भगवान राम सहित अयोध्या धाम दर्शन कर सकुशल वापसी को कामना भी की उक्त अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ दौलत पाल, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जनपद सभापति चन्द्र प्रकाश टोंडे, जनपद सीईओ सीपी मनहर, पार्षद प्रतिनिधि अनूप तिवारी, पीतांबर सोनकर, अशोक यदु, संतोष साहू, सोनू यदु, आदि ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### झलमला में निजी डबरी निर्माण कार्य प्रारंभ



**नर्रा।** जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत राटापाली के आश्रित ग्राम झलमला के रैनसिंग निषाद के निजी डबरी निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है। लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए रोजगार गारंटी योजना के तहत डबरी निर्माण कार्य प्रारंभ विधिवत पूजा अर्चन कर सरपंच पूर्णिमा सोनवानी ने किया। इस दौरान पंचायत सचिव घनश्याम दीवान ने मनरेगा के श्रमिकों को बताया कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। इस दिन 1949 को ही भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था। इसलिए इस दिन नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी, सचिव घनश्याम दीवान, धनराज निषाद, डिलेश्वरी पटेल एवं मनरेगा श्रमिक मजदूर उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय के मार्ग पर सतत अग्रसर रहने का संकल्प लिया

# संविधान के सिद्धांतों का पालन करना हम सबका कर्त्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

संविधान दिवस पर गुरुनानक वार्ड स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर बाबा साहेब को नमन करते हुए भारतीय संविधान की मूल भावना, उसके मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों की महत्ता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में संविधान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया तथा बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय के मार्ग पर सतत अग्रसर रहने का संकल्प लिया गया। उपस्थित नागरिकों ने संविधान की गरिमा बनाए रखने एवं राष्ट्रहित में उसके सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प दोहराया।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करता है और यह हमारा कर्तव्य है कि हम इसके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर एक सशक्त, समतामूलक एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं और हर नागरिक को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर संविधान की रक्षा हेतु सतत प्रयासरत रहना चाहिए।

साथ में पार्षद चंद्रकांत खूंटे, पार्षद गोवर्धन डहरिया, ब्यास यदु, विजय सोनवानी,आजाद कौशल, जैसंत कौशल, माखन महिलांगे, प्रमोद ऋषि, प्रशांत राउत, आशीष मेश्राम, कविता ऋषि, आशा डोंगरे, कुमारी जांगड़े, तनुजा धृतलहरे एवं वार्डवासी मौजूद थे।



## संकुल केंद्र सरखोर में संविधान दिवस मना

**लवन।** पूर्व माध्यमिक शाला कोरदा संकुल केंद्र सरखोर में संविधान दिवस मनाया गया। इसमें जिला पंचायत बलौदाबाजार के उपाध्यक्ष पवन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, सरपंच अनुपमा अश्वनी कुमार वर्मा, संकुल प्राचार्य हरिशंकर जोशी, किशोर कुमार साहू, मनोज कुमार शांडिल्य तथा आशीष कुमार तिवारी ग्राम पंचायत के पंचगंण शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आसराम यादव, उपाध्यक्ष विपत राम वर्मा, ग्राम के नागरिक गण सभी महिला और शाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने संविधान के उद्देशिका का वाचन कर शपथ लिया तथा संविधान दिवस मनाया।इस अवसर पर भारत के लोकतंत्रात्मक गणराज्य और संविधान के महत्व के बारे में भी शाला के प्रधान पाठक ज्ञान प्रकाश पांडेय द्वारा प्रकाश डाला गया, शाला में कार्यरत शिक्षक रविंद्र कुमार कठोत्रे, मोना कठौत्रे, अनिल कुमार पांडे प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पुष्पा तिवारी, बसंती साहू, गंगेश्वरी पैकरा, मनोज कुमार साहू, संतोष कुमार कश्यप, संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू, सुशील कुमार सोनवानी भी उपस्थित रहे। समारोह पूर्वक आयोजन में ग्रामवासी पवन कुमार वर्मा, गणपत सिंह वर्मा, परदेसी राम वर्मा, थान सिंह वर्मा, कौशल्या बाई, प्रतिभा वर्मा, ललिता बाई वर्मा, प्रेम नारायण यादव, दुर्गाबाई, गीताबाई, कौशल्या बाई, उषा वर्मा, डेरा प्रसाद वर्मा, जीवनलाल वर्मा उपस्थित रहे।





## सहकारी समिति में संविधान की प्रस्तावना का वाचन हुआ





**लवन।** कृषक सेवा सहकारी संस्था मर्यादित लवन एवं अधिवक्ताओं द्वारा तहसील कार्यालय लवन में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था। इस ऐतिहासिक अवसर को स्मरण करते हुए प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। इसी के तहत जिले के सभी सार्वजनिक स्थानों एवं सभी कार्यालयों में संविधान दिवस मनाया गया जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस मौके पर प्राधिकृत अधिकारी दुर्गेश बाजपेयी, नोडल अधिकारी भुपेन्द्र कुमार टण्डन, समिति प्रबंधक सोमदत्त यदु, महेश कुमार कुर्रे, राजेश वर्मा, ईश्वर प्रसाद साहू वहीं तहसील परिसर में गिरीश मधुकर नोटरी अधिवक्ता, थलसाय साहू अधिवक्ता नोटरी अधिवक्ता, भानु प्रताप रात्रे अधिवक्ता, अनूप मिश्रा, अगस्टिन आनंद, पुरुषोत्तम बघेल, अनिल वर्मा, नागेश्वर कनौजें, दीपक टंडन, कुलदीप बघेल, पत्रकार सुरेंद्र बघेल, पत्रकार, ताराचंद कठोत्रे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कोसमंदा में हुआ मितानिनों का सम्मान



**पलारी ।** ग्राम पंचायत कोसमंदा के ग्राम पंचायत भवन में मितानिन दिवस पर मुख्य अतिथि सरपंच पुरईन कन्नौजे ने सभी मितानिनों को साल श्रीफल व साड़ी मिठाई भेंट कर सम्मानित किया। सरपंच ने मितानिनों के सेवा भाव से किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि मितानिनों ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सहित अन्य सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए देश के सामने मिसाल कायम की है।

अच्छे कार्य के लिए हमेशा प्रेरित है, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में मितानिनों की भूमिका अहम है जो सभी कड़ी को जोड़ कर रखती है।

इस दौरान मितानिनों में चंद्रावली बंजारे, निशा मार्कण्डेय, ईश्वरी गायकवाड़, लखेश्वरी वर्मा, मौसमी कन्नौजे, दुर्गा बाई कन्नौजे को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि लक्की राजा कन्नौजे, ग्राम सचिव जीआर टंडन, ग्राम उपसरपंच प्रतिमा हेमंत कटियार, पंचगण लक्ष्मी बंजारे, मालिक राम कन्नौजे, नीलकंठ गायकवाड़, दुर्गा मानिकपुरी, उषा बाई ध्रुव, अन्नपूर्णा बाई वर्मा, द्रोपदी यादव, राजेश कन्नौजे, मुरारी बघेल सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सेजेस में संविधान दिवस पर विविध प्रतियोगिताएं हुई

**बिलाईगढ़।** नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में संविधान दिवस पर 26 नवंबर को विविध सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर राष्ट्रभावना और उत्साह से सराबोर रहा।कार्यक्रम के तहत भाषण, पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक कृतियों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में रामनारायण भट्ट, प्रभाकर कर्ष, प्राचार्य सहसराम सात्रे एवं पत्रकार राजकुमार जांगड़े विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व, नागरिक कर्तव्यों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रेरणा दीं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल और राष्ट्रप्रेम को मजबूत बनाती हैं। इस अवसर पर पूर्व के कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कॉपी, पेन एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।





### दतान स्कूल में संविधान दिवस मना

**पलारी।** विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में संविधान दिवस मनाया गया। संस्कृत व्याख्याता डॉ. कोमल वैष्णव ने संविधान प्रस्तावना का वाचन कर सबको शपथ दिलायी। बच्चों द्वारा भाषण कविता गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक रहा कार्यक्रम की सफल प्रस्तुति के लिए बच्चों को पुरस्कृत किए गए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रभारी प्राचार्य मनोज वर्मा, डॉ कोमल वैष्णव, विजय कुर्रे, ललित वर्मा, पीके साहू, रविशंकर साहू, योगेश वर्मा, सुदेश विश्वकर्मा, रश्मि ठाकुर, योगेश्वरी धुरंधर, गीता श्रेय आदि उपस्थित थे। मंच संचालन महेश्वरी वर्मा ने किया।





### रिसदा में मनाया गया संविधान दिवस

**रिसदा।** ग्राम पंचायत रिसदा में भारत का संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस को मना गया। भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था मगर यह 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ था, यही कारण है कि 26 नवंबर को संविधान दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। संविधान दिवस मनाया गया संविधान के उद्धेश्य का वाचन किया गया। उक्त अवसर पर ग्राम रिश्ता के सरपंच गणेशाराम उपसरपंच पवन वर्मा, सचिव थानेश्वर प्रसाद साहू, पंच शेर सिंह डहरिया, डॉक्टर कुबेर साहू, भारत टंडन, गंगेश सोनवानी, सुंदर लाल यादव, देवेंद्र साहू, हेतराम साहू सहित पंचायत चपरासी इतवारी साहू उपस्थित थे।

### जनपद कार्यालय में मना संविधान दिवस

**सिमगा ।** जनपद पंचायत सिमगा के सभागार में संविधान दिवस में जनप्रतिनिधि अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर उनके योगदान को याद किया गया। जनपद अध्यक्ष दौलत पाल द्वारा अपने उद्बोधन में डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए संविधान के बारे में भी बताया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सीईओ सीपी मनहर, जीपी गेंडरे, जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, सहित जनपद पंचायत के सदस्यगण, एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए।



### युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य

# हथबंद में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| हथबंद

नगर में सहारा क्रिकेट क्लब के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। क्रिकेट क्लब द्वारा वर्षों से युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस प्रतियागिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष ने मैदान में पहुंचकर क्लब के वरिष्ठ सदस्यों के साथ पूजा-अर्चना में शामिल होकर आयोजन का शुभारंभ किया। टॉस कर मैच की शुरुआत कराई। खिलाड़ियों ने बताया कि क्लब द्वारा किए जा रहे ऐसे आयोजन से ग्रामीण युवा न केवल खेलों की ओर आकर्षित होते हैं बल्कि उन्हें अपने कौशल को निखारने का अवसर भी मिलता है। जनपद अध्यक्ष ने सहारा क्रिकेट क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को जीवित रखने में सहारा क्रिकेट क्लब की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाते हैं। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं और विजेता खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेल प्रेमी तथा युवा उपस्थित रहे और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मैच का रोमांच देखते रहे। सहारा क्रिकेट क्लब के नेतृत्व में आयोजित यह प्रतियोगिता हथबंद में खेल भावना, एकता और उत्साह का प्रतीक बन चुकी है। आयोजन की सफलता में क्लब के सभी सदस्यों, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर करण वर्मा, नरेश अनंत, संतराम धुव्र, मूलचंद टंडन, विमल वर्मा, जीतू यादव, मंडल उपाध्यक्ष धनेश्वर निषाद, प्रकाश पाल, राजेश प्रजापति एवं समस्त खिलाड़ी व सहारा क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## वर्ल्ड स्कूल में हुआ यम्मी वंडर फूड फेस्टिवल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय स्थित इंग्लिश मिडियम विद्यालय एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यम्मी वंडर फूड फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने एकल तथा समूह में नदी, पहाड़, सूर्य, तारे, चंद्रमा, पेड़-पौधे, जंगल, जीव-जंतु एवं संपूर्ण ब्रह्मांड की आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।कक्षा पहली से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ भारतीय पारंपरिक एवं देशी-चायनीज स्वादिष्ट व्यंजनों को तैयार कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत व्यंजनों का अभिभावकों ने स्वाद लेते हुए भरपूर आनंद उठाया।





कार्यक्रम के लिए विद्यालय के संचालक अभिषेक मिकी तिवारी एवं टुकेश्वर वर्मा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 नवम्बर 2025
SHOW TIME
मस्ती 4
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### पीएससी में कुर्मी समाज के युवाओं के चयन पर समाज ने जताया हर्ष



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के राजप्रधान सुनीता वर्मा ने लोकसेवा आयोग के पारदर्शी चयन प्रक्रिया पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष घोषित आयोग के परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में हमारे समाज के प्रतिभावान स्वप्निल वर्मा द्वितीय स्थान, प्रशांत वर्मा नवम स्थान, सागर वर्मा व साक्षी वर्मा ने उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किए हैं। अपने कठिन परिश्रम, लगन, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर इन युवाओं ने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे समाज की प्रतिष्ठा में भी वृद्धि की है। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के राज प्रधान वर्मा ने सीजी पीएससी में चयनित सभी सफल युवक व युवतियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिभाएं समाज की शक्ति हैं और इनकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। समाज प्रधान ने अभिभावकों और शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे समाज के युवा भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समाज व राष्ट्र का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

### झलप में मनाया गया मितानिन दिवस

झलप। ग्राम पंचायत झलप में मितानिन दिवस मनाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व मितानिन का श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजस्व विभाग व वरिष्ठ पंच शम्मी सलूजा, ग्राम पंचायत झलप सरपंच राकेश साहू, भाजपा बूथ अध्यक्ष संतोष पंडा, बोधनी देवांगन, मनीषा श्रीवास्तव, मीना साहू, कृष्णा आवडे, रामोतीन मार्कंडेय, ममता गुप्ता, मिथलेश ध्रुव, गंगा पटेल, पदमनी साहू, केसरी सोनी, नागेश्वरी यादव, सत्या चंद्राकर, रानी पाटकर, शालनी सिंग सहित उपस्थित रहे।

### जांच चौकी टेमरी का कर्मचारी निलंबित

**महासमुंद।** धान खरीदी प्रक्रिया में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के क्रम में टेमरी अंतर्राज्यीय जांच चौकी वन विभाग में पदस्थ कर्मचारी साजिद मोहम्मद को लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने पर कलेक्टर विनय लंगेह ने निलंबित कर दिया है एवं विभागीय जांच हेतु संस्थित किया है। एस्मा के तहत यह कार्रवाई की गई है। अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार, जांच चौकी में स्थापित वाहन पंजी में आयातित वाहनों की प्रविष्टियां अव्यवस्थित पाई गईं। पंजी में वाहनों के संबंध में बिल/बीजक, मोबाइल नंबर तथा अन्य आवश्यक विवरण दर्ज नहीं किए गए थे।

## निधन

### दिनेश कुमार वर्मा



**पलारी।** दतान निवासी दिनेश कुमार वर्मा 68 वर्ष का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें सामाजिकजन सहित ग्राम के गणमान्य लोग उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे अविनाश वर्मा, स्वतंत्र सिंह वर्मा के पिता थे।

## संविधान दिवस : 2015 को पहली बार सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया गया

# संविधान भारत की आत्मा : नागरिक अधिकारों का है आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर, भारत माता एवं शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात भारत का संविधान उद्देशिका का वाचन एवं शपथ ली गई।

ज्ञातव्य है कि शासन के निर्देशानुसार प्रति वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है। भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया, तब से प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### अमृत सरोवर स्थल पर संविधान दिवस मना



बलौदाबाजार। जिले के सभी विकासखंडों में अमृत सरोवर स्थल पर संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी नरेगा के श्रमिकों एवं स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को शामिल करते हुए संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर संविधान में दिये गये मौलिक कर्तव्यों, अधिकारों और मूल्यों पर संगोष्ठी कर चर्चा की गई। अमृत सरोवर स्थल पर जन समूहों द्वारा साफ-सफाई एवं विद्यार्थियों और स्थानीय युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर जल संरक्षण और उसकी सुरक्षा की प्रतिज्ञा ली गई। अमृत सरोवर स्थल पर संविधान और मिशन अमृत सरोवर विषय पर जानकारी देने वाले बोर्ड एवं पोस्टर लगाया गया। साथ ही बैनर पोस्टर में टैगलाईन एक प्रण जल संरक्षण का उपयोग किया गया।

## न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने ली संविधान की शपथ

**बलौदाबाजार।** संविधान दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी तथा सचिव अमिता जायसवाल के निर्देशन में किया गया।

**न्यायाधीशों और कर्मचारियों ने ली संविधान की शपथः** जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार परिसर में समस्त न्यायाधीशगण एवं न्यायालयीन कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर शपथ ली। इसी प्रकार बाह्य न्यायालय भाटापारा, कसडोल और सिमगा में भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**महाविद्यालय में भी हुआ विधिक जागरूकता शिविरः** शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई गई और अनुच्छेद 39-ए के अंतर्गत निःशुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही लैंगिक उत्पीड़न, साइबर क्राइम, रैगिंग, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, पॉक्सो, बाल विवाह, हिट एंड रन नीति, सोशल मीडिया अपराध एवं पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना आदि विषयों पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया।




पैरालीगल वालंटियर ने विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए विधिक साक्षरता अभियान के अंतर्गत पैरालीगल वालंटियर द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों, पंचायतों एवं थाना परिसरों में जागरूकता शिविर लगाए गए। इसमें हथबंद, अगेरी, भाटापारा, सूरजपुरा, बिटकुली, घोधा, बरेली, सिंघरी, बम्हनी, डोंगरीडीह, सिमगा, बलौदाबाजार, कसडोल तथा ग्राम पंचायत बगार सहित कई स्थान शामिल रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को संविधान के महत्व, विधिक अधिकारों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं से अवगत कराकर अधिक से अधिक नागरिकों को न्याय की पहुंच उपलब्ध कराना है।

### जिला जेल में बंदियों को दिलाई गई शपथ

संविधान दिवस पर जिला जेल बलौदाबाजार में विशेष विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जेल में निरुद्ध बंदियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाते हुए उनके मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और विधि दिवस के महत्व की जानकारी दी गई। सचिव अमिता जायसवाल द्वारा बंदियों को जमानत, रिमाण्ड, प्रकरण की सुनवाई प्रक्रिया, प्रतिपरीक्षण, प्रतिरक्षा के अधिकार एवं अंतिम तर्क सहित न्यायिक प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। बंदियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और विधिक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान भी किया गया।

## संविधान हमारे राष्ट्र की आत्मा का है जीवंत प्रतिबिंब : शिवरतन शर्मा

**भाटापारा।** 76वें संविधान दिवस पर भाटापारा गोविंद सारंग विधि महाविद्यालय में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा एवं जिला कलेक्टर दीपक सोनी सम्मिलित हुए। शिवरतन शर्मा द्वारा महाविद्यालय परिवार को संविधान की किताब भेंट की गई।

■ विधि कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस, संविधान की कीताब भेंट की

वहां उपस्थित सभी जनों को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने बताया कि भाटापारा विधि महाविद्यालय प्रदेश का पहला विधि महाविद्यालय है, यह शिक्षा के क्षेत्र में एक अहम कड़ी है जिसका लाभ आस पास के सभी विद्यार्थियों के साथ साथ पूरे प्रदेश को मिल रहा है।

उन्होंने कहा संविधान ने हमें स्वतंत्र एवं सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार दिया है। अपने विचारों एवं भावनाओं को बिना किसी बाधा के अभिव्यक्त करने की शक्ति दी है। हम किसी भी धर्म, संप्रदाय, जाति के हों, सभी को समानता का अधिकार प्राप्त है।




हमारा संविधान हमारे देश की सोच को दर्शाता है। मुझे अपने देश और देश के संविधान पर गर्व है। आज का यह दिन संविधान निर्माताओं को याद करने का दिवस है। उनके समर्पण और सूझ-बूझ को याद करने का दिवस है। यही संविधान आज नए भारत की नींव है। भारत की कानून व्यवस्था पूरे समाज को सुरक्षा, सशक्त और संबल प्रदान करती है, इसका हमें ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारत पूरे उत्साह से संविधान की 76वीं वर्षगांठ मना रहा है। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सहित संविधान के सभी शिल्पियों के योगदान को चिरस्मरणीय बनाने के लिए मोदीजी ने 'संविधान दिवस' मनाने की शुरुआत की।

हमारा विश्वास है कि संविधान सिर्फ मंचों पर दिखाने की एक पुस्तक नहीं, बल्कि पूर्ण श्रद्धा से आत्मसात कर सार्वजनिक जीवन में अपना सर्वोच्च योगदान देने की कुंजी है। आइए! इस संविधान दिवस पर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लें। इस अवसर पर महाविद्यालय के मेघावी छात्र आयुष तिवारी को 11 हजार का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया है। जनपद अध्यक्ष ने वाटर कूलर देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, जनभागीदारी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत टंडन, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण पवन वर्मा, अधिवक्ता सुरेश यदु, पार्षद कुंजराम कोशले, शहर मंडल महामंत्री उमाशंकर वर्मा, महाबल बघेल, मनिंदर सिंह गुम्बर, एसडीएम श्यामा पटेल, तहसीलदार यशवंत राज, सीईओ हिमांशु वर्मा, कीर्तन जायसवाल, विधि महाविद्यालय प्राचार्य रीता दीवान, विभागाध्यक्ष डा. राम आशीष श्रीवास्तव, डॉ. ललित कुमार, दिलीप कुमार सोनी, निधि मिश्रा महाविद्यालय स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### आत्मानंद स्कूल में मना संविधान दिवस



**सेल।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल के हिंदी और ग्राम पंचायत सेल में भारत का संविधान दिवस मनाया गया हैं। भारत का संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस को मनाया जाता है। भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, मगर यह 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ था। यही कारण है कि 26 नवंबर को संविधान दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। इस दौरान संविधान के उद्देश्य का वाचन किया गया। वाचन सुश्री सृष्टि मिश्रा द्वारा किया तथा संविधान दिवस पर सीएम साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, हरप्रसाद साहू, द्वारा संविधान निर्माण संबंधी जानकारी बच्चों को दिया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण रोहित साहू, ओमप्रकाश साहू, जैकलिन हेरेंज, श्रेया वाकडे, रम्हैया कश्यप, चंद्रप्रकाश साहू, छोटूदास मानिकपुरी, चिरंजीव प्रसाद गुप्ता, मुकेश साहू, रोहित लहरें, आरजू वर्मा उपस्थित रहे । ग्राम पंचायत सेल में संविधान दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया, सुरेश कुमार साहू, पंच रामकुमार खुंटे, प्राधिकृत अधिकारी देवनारायण जायसवाल, चंद्रप्रकाश साहू, भुनेश्वर साहू, शैलेंद्र वर्मा, भोलेशंकर कैवर्त्य, अनिल कुमार कैवर्त्य, सहित बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए थे।

## तहसील परिसर में लिया संविधान की रक्षा, पालन और सम्मान का संकल्प






बिलाईगढ़। ब्लॉक मुख्यालय के तहसील परिसर में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने से हुई। इसके बाद उपस्थित जनसमूह ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया, जिससे पूरा परिसर संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में एसडीएम, तहसीलदार वकील संघ के सदस्य, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए संविधान की रक्षा, पालन और सम्मान का संकल्प दोहराया।

संविधान दिवस के इस आयोजन ने न केवल लोगों में जागरूकता बढ़ाई, बल्कि देश की एकता, समानता और न्याय के प्रति समर्पण को भी मजबूत किया।

## संविधान है भारत की आत्मा, हमारी पहचान और मार्गदर्शक

**हिरमी-रावन।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हिरमी में संविधान दिवस पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पीआर वर्मा ने सभी विद्यार्थियों और उपस्थित स्टाफ सदस्यों को देश के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। प्राचार्य पीआर वर्मा ने संबोधन में संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, यह भारत की आत्मा, हमारी पहचान और हमारा मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान ने न केवल हमें अधिकार दिए हैं, बल्कि एक बेहतर, समान और न्यायपूर्ण समाज बनाने की दिशा भी दिखाई है। इस दौरान, प्राचार्य ने सभी को सामूहिक रूप से यह प्रतिज्ञा भी दिलाई कि हम अपने अधिकारों का सम्मान करेंगे, कर्तव्यों का पालन करेंगे, और देश की एकता, अखंडता व सम्मान को सर्वोपरि रखेंगे। गर्व का दिन, एकता की प्रतिज्ञा समारोह के दौरान, छात्रों ने बड़ी ही एकाग्रता के साथ प्राचार्य के उद्बोधन को सुना और संविधान के प्रति अपने सम्मान को व्यक्त किया। विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों के बीच यह भावना स्पष्ट थी कि आज का दिन सभी भारतीयों के लिए गर्व का दिन है। संविधान दिवस के इस पुनीत अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी शपथ ग्रहण की। इनमें दिलेश्वर मढरिया, अजय निर्मलकर, श्यामसुंदर, राजकपूर, बिरेन्द्र, हेमंत, हरिश, पंकज, नीरज और शिक्षिकाओं में इन्दुरानी, सीमा वर्मा, पूर्णिमा, कुमकुम, विजयलक्ष्मी, मनिता शामिल थीं। कार्यक्रम का समापन संविधान के आदर्शों का पालन करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ।



## संविधान से मिला न्याय, स्वतंत्रता और समानता का अधिकार



**खरोरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलदार सिवनी में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर कोमल प्रसाद सोनकेवरा ने कहा कि भारत का संविधान सिर्फ किताब नहीं यह वह नींव है, जिसने न्याय स्वतंत्रता समानता को नए अर्थ दिये। डी चंदन व्याख्याता ने अपने धारा प्रवाह व सारगर्भित उदबोधन से संविधान की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं वर्षा, मनीष, लोकेश, करन वर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किया।



आज के कार्यक्रम में व्याख्याता गण हरीश देवांगन, के पी सोंनकेवरा, भारती चंद्राकर, जगजीवनराम बांधे, देवेंद्र, चंदन, मंजू मिरी, उर्मिला जायसवाल सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विभिन्न सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक पहलुओं पर चर्चा की

# कॉलेज में जनजातीय दिवस पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

शासकीय आरएनएम महाविद्यालय में जनजातीय गौरव माह अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मोरध्वज पैकरा, सभापति जनपद पंचायत कसडोल, कार्यपरिषद सदस्य केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (भारत सरकार), अध्यक्ष ट्राइबल इंडियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री तथा अतिथिगण विक्रम कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव, प्रदीप देवांगन उपाध्यक्ष, टाईगर कुर्रे पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव, तुलसी राम आदित्य जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय आरएनएम महाविद्यालय भटगांव एवं प्राचार्य एसके शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. हेमेश्वर चन्द्रा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। मुख्य वक्ता ने जनजातीय समाज के उद्भव व विकास को विस्तार से रेखांकित करते हुए भारत में हुए जनजातीय समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह सहित देश के अनेक जनजातीय वीर सपूतों के संघर्षों एवं योगदानों का वर्णन किया तथा विभिन्न सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए युवाओं का कैरियर मार्गदर्शन किये, जिसमें उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किये। जनजातीय संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुदर्शन सिदार, जागेश्वर सिदार, सूर्या मिरी, ओंकार सिंह, मुस्कान पटेल, देविका आदित्य, कृष्ण पटेल, कुमार चौहान तथा कोमल प्रेमी एवं अन्य विद्यार्थियों ने मंचीय प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को रोचक बनाया।



कार्यक्रम के सफल आयोजन में रविकांत जायसवाल एवं डॉ. कमलेश पटेल ने प्रमुख भूमिका निभाया। कार्यक्रम का संचालन केलेश्वर सिंह दाऊ तथा आभार प्रदर्शन सोनसाय भारद्वाज सह-समन्वयक ने किया। डॉ. गिरीश शंकर वैष्णव द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

